# आजादी का अमृत महोत्सव पर प्रदक्षिणा परिक्रमा में शेखावत ने चलाई डेविडशन

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर शहर में आजादी के 75वें अमृत महोत्सव पर प्रदक्षिणा परिक्रमा का आयोजन 75 बाइक सवारों के साथ शुरू हो गया। सडक़ों पर केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने आज हार्ले डेविडसन बाइक चलाई। केंद्रीय मंत्री ने करीब 10 किलोमीटर तक बाइक दौड़ाई। इस अवसर पर क्रीड़ा भारती की ओर से बाइक रैली निकाली गई। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री ने कहा कि भारत प्रदक्षिणा का यह कार्यक्रम राष्ट्रवाद और देशभक्ति से ओत-प्रोत है। आजादी के अमृत महोत्सव में हमें नए, समर्थ और सशक्त भारत का संकल्प लेना है।

## इन मार्गों से होकर निकली बाइक रैली

बाइक रैली श्री विश्वकर्मा स्कूल ए-सेक्टर शास्त्री नगर से आरंभ होकर दल्ले खां की चक्की, बारहवीं रोड चौराहा, पांचवीं रोड, जालोरी गेट, सोजती गेट से मेजर शैतान सिंह चौराहा पावटा, बावड़ी तक पहुंची। करीब 10 किलोमीटर बाइक चलाने के बाद केंद्रीय मंत्री शेखावत ने क्रीड़ा भारती के इस कार्यक्रम की तारीफ की। जोधपुर में 7 जगह बाइक रैली निकाली गई थी।



**जोधपुर शहर में आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव के लेकर प्रदक्षिणा परिक्रमा का आयोजन 75 बाइक सवारों के साथ शुरू हुआ। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने हार्ले डेविडसन बाइक चलाई।**

उन्होंने जोधपुर प्रांत के अध्यक्ष पृथ्वीराज सिंह जोधा और संयोजक डॉ. कमल जांगिड़ को बधाई दी।

क्रीड़ा भारती के कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हम सब लोग सौभाग्यशाली हैं, जो हमें इस देश के लिए काम करने का अवसर मिला। सनातन सभ्यता और संस्कृति को बचाने के लिए हमारे पूर्वजों ने हजार साल से भी ज्यादा समय तक संघर्ष किया। लाखों लोगों ने कुर्बानी दी। अपने बच्चों को पत्थर में चिनवा दिया। महिलाओं ने आत्मदाह कर सनातन संस्कृति और धर्म को बचाया। आजादी की लड़ाई में लाखों लोग फांसी के फंदे पर झूले।

शेखावत ने कहा कि भारत की लाखों साल की सभ्यता में आजादी के 75 साल का कालखंड बहुत छोटा है। प्रधानमंत्री मोदी हमेशा कहते हैं कि हम सबको इस बात का आकलन करना चाहिए कि 75 साल तक हम क्या कर सकते थे, जो हमने नहीं किया। हम क्या हासिल कर सकते थे, जो हम हासिल नहीं कर पाए। इसी की कल्पना करते हुए हमें अगले 25 साल देश के लिए समर्पित होकर काम करना है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत ने की। जोधपुर प्रांत के अध्यक्ष पृथ्वीराज सिंह जोधा और संयोजक डॉ. कमल जांगिड़ कार्यक्रम पर विस्तार से प्रकाश डाला।

इस अवसर पर पूर्व महापौर घनश्याम ओझा, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष हेमन्त घोष, उप महापौर किशन लड्ढा, यात्रा के संयोजक वरुण धनाडिया, पुखराज जांगिड़ सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# उत्कर्ष कार्यशाला में साक्षात्कार के अनुभव साझा किए



**उत्कर्ष द्वारा डॉ. एस.एन. मेडिकल कॉलेज के प्रांगण में आयोजित सात दिवसीय मॉक इंटरव्यू कार्यशाला के तीसरे दिन राजस्थान एसआई के आगामी साक्षात्कार चरण के लिए चयनित अभ्यर्थियों से संस्था के पूर्व विद्यार्थियों एवं वर्तमान प्रशासनिक अधिकारियों ने स्वयं के साक्षात्कार अनुभव साझा किए।**

**जोधपुर**, (कासं)। उत्कर्ष द्वारा डॉ. एसएन मेडिकल कॉलेज के प्रांगण में रविवार को आयोजित सात दिवसीय मॉक इंटरव्यू कार्यशाला के तीसरे दिन राजस्थान एसआई के आगामी साक्षात्कार चरण हेतु चयनित अभ्यर्थियों से संस्था के पूर्व विद्यार्थियों एवं वर्तमान प्रशासनिक अधिकारियों ने स्वयं के साक्षात्कार अनुभवों को साझा किया। इस दौरान वर्चुअल माध्यम से जुडे आईएएस डॉ. राजेंद्र पैंसिया, आईपीएस प्रेमसुख डेलू तथा आईपीएस बलराम मीणा सहित ऑडिटोरियम में उपस्थित आरएएस भवानी सिंह, आरपीएस नूर मोहम्मद, आरएएस पुष्पा सिसोदिया,आरपीएस प्रवीण सेन, आरटीओ एवं मोटिवेशनल स्पीकर नेमीचंद पारीक, तथा उपनिरीक्षक रामेश्वर लाल ने अभ्यर्थियों को साक्षात्कार से जुड़े उन विभिन्न पहलुओं से अवगत करवाया जो सकारात्मक परिणाम के लिए अनिवार्य रूप से उत्तरदायी होते हैं।

संस्था निदेशक डॉ. निर्मल गहलोत ने मार्गदर्शक के रूप में आमंत्रित सभी पूर्व विद्यार्थियों एवं वर्तमान अधिकारियों का अभिवादन करते हुए अभ्यर्थियों से उनका परिचय करवाया।

सुबह के मॉक इंटरव्यू सत्र में विभिन्न इंटरव्यू पैनल बोर्ड के सदस्यों के रूप में उपस्थित विशेषज्ञों नेमीचंद पारीक, रजाक हैदर, हिम्मत सिंह, कल्याण सिंह, डॉ. दिनेश राठी, नरेंद्र थानवी, भीष्म सोनी, दीपक सिंह, अंतु श्री, अमित तोमर द्वारा समसामयिक घटनाओं, मुद्दों सहित विभिन्न विषयों के अंतर्गत अभ्यर्थियों के ज्ञान को परखने के साथ ही उनके व्यवहार एवं व्यक्तित्व का परीक्षण किया गया।

वर्चुअल माध्यम से जुडे आईएएस राजेंद्र पैंसिया ने बताया कि साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी का व्यक्तित्व उस पद के अनुरूप होना चाहिए जिस पद के लिए साक्षात्कार दिया जा रहा है, क्योंकि एक साक्षात्कारकर्ता की अभ्यर्थी से यहीं अपेक्षा होती है। आरएएस श्रीमती पुष्पा सिसोदिया ने महिला अभ्यर्थियों को नारीवाद जैसी विचारधारा को सही मायने में समझने तथा आत्मविश्वास से साक्षात्कारकर्ता के सवालों के जवाब देने के लिए प्रोत्साहित किया। इसी कडी में आरएएस भवानी सिंह ने साक्षात्कार चरण को संपूर्ण व्यक्तित्व परीक्षण का एक माध्यम बताया और अपने व्यक्तित्व को अधिक से अधिक सकारात्मक बनाने के लिए अभ्यर्थियों को प्रेरित किया। वर्चुअल माध्यम से जुडे आईपीएस बलराम मीणा ने साक्षात्कार में बनावटी जवाबों से बचने एवं स्वयं को स्वाभाविक रखने के लिए कहा। इसके उपरांत अभ्यर्थियों को अपने अनुभव से लाभान्वित करते हुए आईपीएस प्रेमसुख डेलू ने हाल ही में घटित राष्ट्रीय स्तर के महत्वपूर्ण मुद्दों में पुलिस विभाग की भूमिका के प्रति जागरूक रहने पर बल दिया। दोपहर के इस सत्र का समापन करते हुए आरपीएस प्रवीण सेन, आरपीएस नूर मोहम्मद, आरटीओ नेमीचंद पारीक तथा उप निरीक्षक रामेश्वर लाल ने साक्षात्कार से जुडे अपने व्यक्तिगत अनुभवों से अभ्यर्थियों के मनोबल को बढाया।

सायंकालीन सत्र में राजनीति विज्ञान एवं भारतीय संविधान के विख्यात विशेषज्ञ डॉ. दिनेश गहलोत ने समसामयिक राष्ट ीय राजनीतिक मुद्दों के बारे में विस्तार से समझाते हुए अभ्यर्थियों का मार्गदर्शन किया। इसके तहत उन्होंने संविधान से जुडी एवं राजनीति से प्रभावित महत्त्वपूर्ण समसामयिक घटनाओं का जिक्र किया। अंतिम सत्र में विख्यात भूगोल विशेषज्ञ मधुसूदन प्रजापति ने साक्षात्कार हेतु उपयोगी राजस्थान भूगोल से संबंधित महत्त्वपूर्ण प्रश्नों से अभ्यर्थियों को अवगत करवाया। कार्यशाला के तीसरे दिन का समापन करते हुए संस्था निदेशक डॉ. निर्मल गहलोत ने सभी अतिथियों एवं आगंतुकों का आभार प्रकट किया।




**पाली में गणेश महिला मंडल सदस्यों ने राहगीरों के लिए पीने के पानी के केम्पर रखवाये। प्रवक्ता संतोष दुबे, मंडल अध्यक्ष भाग्यवन्ती गहलोत, संगीता गोस्वामी, शान्ति, नलिनी शर्मा, संतोष शर्मा, अंजू बिड़ला, भगवती शर्मा, कौशल्या शर्मा, नीलम, हंशु वैष्णव आदि मौजूद रहे।** फोटो-राष्ट्रदूत

# कार चट्टान से टकराई, एक जने की मौत

**पिंडवाड़ा**, (नि.सं.)। सिरोही जिले में पिंडवाड़ा पुलिस थाना क्षेत्र के उदयपुर फोरलेन हाईवे मार्ग पर कांटल गांव के पास मारुति स्विफ्ट कार का आगे का टायर फट जाने से कार असंतुलित होकर पास के चट्टान से टकराकर सड़क पलटी खाने से कार में सवार एक मासूम बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं 6 जने गंभीर घायल हो गये।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गुजरात डीसा शहर मेंचंद्रलोक सोसाइटी मेंरहने वाले दो मोदी परिवार रवि भाई पुत्र विजय भाई जाति मोदी उम्र 27 वर्ष अपनी पत्नी सैफाली व पुत्री इयांसी उम्र करीब 3 वर्ष वह अपने मित्र अर्पित भाई पुत्र नीलेश भाई उम्र 27वर्ष जाति मोदी उसकी पत्नी भाग्यश्री व पुत्रीअंशी उम्र 6 वर्ष व पुत्र पर्व सहित सात जने स्विफ्ट कार में गुजरात डीसा से उदयपुर यात्रा के लिए निकले थे। वही यात्रा पूरी करके वापस उदयपुर से हाईवे फोरलेन मार्ग से अपने घर की ओर जा रहे थे।

रविवार 5:30 बजे करीब कांटल गांव के पास पहुंचे थे कि अचानक स्विफ्ट कार का आगे का टायर फट गया और असंतुलित होकर पास के चट्टान से टकरा गई। जिसके बाद सड़क पर आकर पलटी खा गई। इस दुर्घटना के दौरान कार में से रवि और उसकी पुत्री इयांशी सड़क पर गिर गए, बाकी कार में रह गए। इस दुर्घटना में गंभीर सभी घायल हो गए। पास से गुजर रहे लोगों ने अपने वाहन को रोककर घायलों को कार से बाहर निकालने के प्रयास किए। पुलिस थाना 108 एंबुलेंस को मदद के लिए सूचना दी। पुलिस को सूचना मिलते ही मोरस चौकी इंचार्ज हेड कांस्टेबल किशन लाल मीणा मय जाब्ता घटनास्थल पर पहुंच कर लोगों की मदद से सभी घायलों को बाहर निकाला। इस दुर्घटना में 3 वर्षीय बच्ची की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। इसी दौरान टोल नाका की एंबुलेंस और 108 एंबुलेंस चालक सुरेंद्र सिंह देवड़ा मौके पर पहुंचकर सभी घायलों को उपचार के लिए राजकीय चिकित्सालय लेकर आए। जहां डॉ मनीष भार्गव ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार कर घायलों की स्थिति गंभीर देख कर उपचार के लिए आगे रेफर किया।

वहीं पुलिस थाना के एसआई भंवर लाल चौधरी ने अस्पताल पहुंचकर घायलों के बयान दर्ज कर मृतक बच्ची का शव मोर्चरी में रखवाया और घटनास्थल पहुंचकर मौके की जांच पड़ताल में जुटे हैं।

## कांग्रेस सेवादल पदाधिकारी पर लोहावट में हमला

**जोधपुर**, (कासं)। लोहावट कस्बे के मुख्य बाजार में कांग्रेस सेवादल पदाधिकारी पर कुछ बदमाशों ने लाठ्री डंडे से हमला किया और मौके से फरार हो गए। उन्हें गंभीर हालात में जोधपुर लाया गया। हालांकि लोहावट थाने में इस संबंध में कोई एफआईआर दर्ज नहीं हुई है। बताया जा रहा है कि उन्हें पहले से ही हमले की आशंका थी। अपनी सुरक्षा को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन भी सौंपा था। कार में आए बदमाशों ने कांग्रेस सेवादल पदाधिकारी बिरबलराम विश्नोई पर डंडों से हमला किया।

# राज्यपाल कलराज मिश्र ग्रामष्मकालीन प्रवास के लिए आबूरोड पहुंचे

**आबूरोड**, (नि.सं.)। राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ग्रामष्मकालीन प्रवास के लिये रविवार को वाराणसी अहमदाबाद ट्रेन में लगे स्पेशल बोगी से आबूरोड रेलवे स्टेशन पर पहुंचे।

जनप्रतिनिधियों सहित प्रशासनिक अधिकारीयो ने पुष्प गुच्छ देकर अगुवाई की। प्रशासनिक अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से राज्यपाल ने मुलाकात की। अधिकारीयो से करोना महामारी की प्रगति रिपोर्ट जानी। सडक मार्ग से आबूपर्वत पहुंचे। 30 जून तक आबूपर्वत राजभवन में प्रवास करेंगे।

राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र अपने एक महा के ग्रीष्मकलीन प्रवास को लेकर रविवार को ट्रेन से अपने निर्धारित समय से 3 घंटे देरी से आबूरोड रेलवे स्टेशन पहुंचे। राज्यपाल का रेलवे स्टेशन पर सिरोही विधायक संयम लोढ़ा, जोधपुर संभागीय आयुक्त हिमांशु गुप्ता , रेंज आईजी पी रामजी सिरोही जिला कलेक्टर डाक्टर भंवरलाल, सिरोही पुलिस अधिक्षक धर्मेन्द्र सिंह,पालिकाध्यक्ष मगन दान चारण जिला प्रमुख अर्जुन राजपुरोहित प्रधान लीलाराम गरासिया ने पुष्प गुच्छ देकर अगवानी की। राज्यपाल ने उसके बाद अधिकारियों से औपचारिक मुलाकात मे प्रशासनिक स्थिति की जानकारी ली। उसके बाद राज्यपाल ने पत्रकारों से रूबरू हुये। उसके बाद राज्यपाल मिश्र सड़क मार्ग से आबूपर्वत के लिये रवाना हुये।

### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे

राज्यपाल के आगमन को लेकर प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। आबूरोड रेलवे स्टेशन से लेकर आबूपर्वत तक सड़क के दोनों तरफ पुलिस के जवान तैनात रहे।

उपखण्ड अधिकारी आबूपर्वत कनिष्क कटारिया, उपखण्ड अधिकारी आबूरोड अरविन्द शर्मा, तहसीलदार दिनेश कुमार साहू, आबूपर्वत डीप्टी योगेश शर्मा, पालिका अधिशाषी अधिकारी अनिल झिंगोनिया, पीडब्लु डी सहायक अभियंता सचिव संचेता, जलदाय विभाग सहायक अभियंता हेमंत गोयल, रूडीप सहायक अभियंता अधिकारी सहित जिले के अधिकारियों ने व्यवस्थाओं पर डटे रहे।

राज्यपाल के आगमन को लेकर आबूरोड शहर के साथ आबूरोड रेलवे स्टेशन से लेकर आबूपर्वत राजभवन तक के मार्ग पर माकूल सुरक्षा व्यवस्था नजर आई।

रेलवे स्टेशन से पर राज्यपाल के ट्रेन से उतरने के साथ ही आबूरोड रेलवे स्टेशन से लेकर आबूपर्वत मार्ग को ब्लॉक किया गया। महामहिम के काफिले के निकलने के बाद पुनः रास्ता खोला गया।

वहीं रेलवे स्टेशन पर भी चारों तरफ सुरक्षाकर्मी मुस्तेद नजर आये। वही जिले के पुलिस के आला अधिकारी भी सुरक्षा को लेकर पैनी नजर बनाये हुये थे।

राज्यपाल कलराज मिश्र के दूसरी बार आबूरोड आगमन को लेकर शहरवासी उनके दीदार के लिये मुख्य रास्ते के दोनों ओर खड़े नजर आये। काफिला मुख्य रास्ते से गुजरा। दोनों तरफ खड़े लोगों ने उनका हाथ जोड कर अभिनन्दन किया। वही राज्यपाल ने भी अपने वाहन मे से ही सभी का अभिवादन स्वीकार किया।

## दो किलो 14 ग्राम एमडी स्मैक सहित आरोपी पकड़ा

**पिंडवाड़ा**, (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक सिरोही धर्मेंद्र सिंह नशा तस्करों पर अंकुश लगाते हुए जिले के पुलिस को अलर्ट मोड पर रखते हुए पुलिस पिंडवाडा उप अधीक्षक जेठू सिंह करनोत के नेतृत्व में पिण्डवाड़ा थाना की पुलिस टीम ने एक स्विफ्ट कार से करीब 81 लाख कीमत की दो किलो 14 ग्राम एमडी स्मैक के साथ स्मैक तस्कर को गिरफ्तार करने की एक बड़ी सफलता हासिल की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उदयपुर मार्ग से स्मैक तस्करी का मामला कई दिनों से चर्चा में चल रहा था। जिसके चलते जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने जिले के हर थाने को सतर्क करते हुए ऐसे तस्करों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हुए हैं। ऐसे ही कार्रवाई शनिवार शाम 4 बजे करीब पुलिस उपअधीक्षक जेठू सिंह करनोत के नेतृत्व में पुलिस थाना पिंडवाडा के एसआई भंवर लाल चौधरी, हेड कांनिस्टेबल ओम कुमार विश्नोई, कॉनिस्टेबल अभय सिंह गुर्जर, विक्रम सिंह, जीवाराम मीणा मय जाब्ता उदयपुर फोरलेन मार्ग के मालेरा सरहद पर नाकाबंदी कर रखी थी। इसी दौरान उदयपुर की ओर से सफेद रंग की स्विफ्ट कार आई और पुलिस जाब्ते को देखकर कार चालक अचानक कार को मोडकर वापस उदयपुर की ओर भागने लगा। पुलिस ने कार को वापस तेज गति से भागते देखकार का पीछा किया। काफी मशक्कत के बाद टोल के पास कार को रूकवाया और कार की तलाशी ली, तो चालक संतोष पूर्ण जवाब नहीं दे सका। जिसके बाद पुलिस टीम ने कार की तलाशी ली।

# बागा, चौपासनी, डिगाड़ी, जोधपुर, चैनपुरा एवं सांगरिया के लिए शिविर आज

**जोधपुर**, (कर.सं.)। आयुक्त जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर डॉ. इन्द्रजीत यादव के निर्देशानुसार प्रशासन शहरों के संग अभियान-2021 के अन्तर्गत प्राधिकरण में नियमित रूप से जोनवार विभिन्न खसरों हेतु शिविरों का आयोजन किया जाकर आमजन के आवेदनों का तीव्रता से निस्तारण किया जा रहा है। शिविरों में आमजन के पट्टा, नाम हस्तांतरण, भवन निर्माण अनुमति, भूखण्ड़ों के उप-विभाजन एवं पुर्नगठन, खांचा भूमि आवंटन, लीज राशि से संबंधित प्रकरण इत्यादि हेतु आवेदन किया जा सकता है।

जेडीए द्वारा सोमवार दिनांक 23 मई, 2022 को जोन पश्चिम ग्राम बागा खसरा संख्या 787, 536, 537, 540, 548, 549 एवं ग्राम चौपासनी 119, 120 व बट्टे नम्बर, 124 व बट्टे नम्बर, 122, 123, 128, 129, 132, 147, 148, 309/149 से 313/149, जोन उत्तर ग्राम डिगाडी, जोधपुर, चैनपुरा खसरा संख्या 124, 125, 166/2, 215, 120, 23/4, 23/11, 23/12, 25/9, 71/1 व इसके समस्त बट्टा नम्बर, 88, 89, 191, 194 के लिए जेडीए कार्यालय तथा जोन दक्षिण ग्राम सांगरिया खसरा संख्या 2 व 3, 38, 39 व 39/1, 76 व 78, 104, 141/2, 141/4 व 152, 84, 06 व 6/5, 149 व 150/4, 65 मय बट्टा नं. 105, 82, 207, 211 व 211/1, 35 मय बट्टा नं. 41, 83, 117/1, 208, 126, 132, 80 व 81, 77/3, 12 व 13, 41/1, 67, 319/1, 6/1 व 11/1, 12, 102/1 व 102/2, 65, 68/1, 71 व 69, 50/1, 215, 59, 153, 187 व 189 हेतु राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सांगरिया में शिविर आयोजित किया जाएगा।

मंगलवार दिनांक 24 मई को जोन पश्चिम ग्राम बागा एवं चौपासनी के उक्त खसरों, जोन उत्तर ग्राम डिगाडी, जोधपुर, चैनपुरा के उक्त खसरों हेतु जेडीए कार्यालय तथा जोन पूर्व ग्राम नान्दड़ी अनुमोदित योजनाए खसरा संख्या 39 व बट्टा नम्बर, 111, 28 व बट्टा नम्बर 36, 96 व 120, 46 व बट्टा नम्बर, 48 व 53 व 54 व 55, 31, 62/1, 106 व बट्टा नम्बर, 43, 44 व 45, 83 व 83/1, 21 व बट्टा नम्बर, 47 व बट्टा नम्बर, 88 व बट्टा नम्बर, 58 व बट्टा नम्बर एवं नवीन प्रस्तावित योजनाओं के खसरों हेतु ग्राम पंचायत भवन नान्दड़ी में शिविर का आयोजन रखा गया है।

इसी प्रकार बुधवार, दिनांक 25 मई को जोन पूर्व ग्राम नान्दड़ी अनुमोदित योजनाए एवं नवीन प्रस्तावित योजनाओं के उक्त खसरों तथा जोन दक्षिण ग्राम सांगरिया के उक्त खसरों हेतु जेडीए कार्यालय में ही शिविर का आयोजन रखा गया है।

## श्रवण राठौड़ कलेक्टर से मिले

**भीनमाल**, (निसं)। जालोर जिले के भीनमाल - रामसीन में भारी पेयजल संकट के बाद भी नर्मदा का पानी लाने में हो रही देरी को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता एवं कांग्रेस नेता श्रवण सिंह राठौड़ ने जालोर कलेक्टर निशांत जैन से मुलाकात कर जनता की नाराजगी से अवगत कराया।

राठौड़ ने कहा कि जलदाय विभाग की लापरवाही की वजह से राज्य के पिछले बजट में भीनमाल में पेयजल के लिए स्वीकृत पचास करोड़ रुपये में से अभी तक धरातल पर काम शुरू नहीं हुआ है। राठौड़ ने चेताया कि समय पर पानी नहीं पहुंचा तो पानी के मुद्दे पर वो गांधीवादी तरीके सत्याग्रह आंदोलन करेंगे। राठौड़ ने कलेक्ट्रेट में करीब आधे घंटे तक जैन से नर्मदा पेयजल योजना में देरी को लेकर वार्ता की।

# एक साथ आठ बालकों को रेस्टारेंट व हैंडीक्राफ्ट उद्योग से मुक्त कराया

**जोधपुर**, (कासं)। कमिश्नरेट पुलिस इन दिनों बालश्रम को लेकर काफी सजग नजर आ रही है। बालकों को श्रम करवाने वाले मालिको के खिलाफ प्रकरण दर्ज किए जा रहे है। रविवार को जिला पश्चिम में एक रेस्टारेंट और हैण्डीक्राफ्ट इकाई में काम करने वाले आठ बालकों को बालश्रम से मुक्त कराने के साथ उन्हें चाइल्ड हैल्प लाइन को सुपुर्द किया गया।

पुलिस उपायुक्त वंदिता राणा ने बताया कि बचपन बचाओ एक्शन मंथ की कड़ी में रविवार को एडीसीपी हरफूलसिंह क सुपरविजन में गठित टीम में मानव तस्करी यूनिट प्रभारी हुकमाराम के नेतृत्व ने टीम ने सूरसागर स्थित एक रेस्टोरेंट पर रेड देकर वहां से दो नाबालिग को बालश्रम से मुक्त कराया गया।

इसी तरह टीम ने बाद में बासनी इलाके में हैंडीक्राफ्ट इकाई फलक आर्ट पर रेड दी। यहां पर छह बालकों से कठोर श्रम करवाया जा रहा था। फैक्ट्री में बालकों से लकड़ी घिसाई के साथ पालिशिंग में लगा रखा था। इस बारे में अब सूरसागर एवं बासनी में जेजे एक्ट के तहत मालिकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

# आलासन में पेयजल समस्या

**सायला**, (निसं)। लोगों को पेयजल सुविधा मुहैया करवाने के लिए योजनाओं के नाम पर लाखों रूपये खर्च किए जाते हैं लेकिन ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल संकट गहराने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के आलासन गांव के लोगो को पिछले एक साल से पेयजल समस्या का सामना करना पड रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में लंबे समय से पेयजल व्यवस्था लडखडाई हुई है। विभाग द्वारा सप्ताह में इक्का-दुक्का बार ही जलापूर्ति की जाती है और वह भी खारे पानी की। जिसका भी समय निर्धारित नही है। विभाग द्वारा कभी देर रात्रि को जलापूर्ति की जाती है तो कभी अलसवेरे। ऐसे में निर्धारित जलापूर्ति शेड्यूल के अभाव में लोग पानी का स्टोरेज नही कर पाते है। वही पानी का प्रेशर भी कम होने से अंतिम छोर तक नही पहुंच पाता है। जिससे लोगो को पेयजल के लिए दर-दर भटकना पड़ता है। ग्रामीण हपिया देवी ने बताया कि उसके पास पालतू भेड-बकरीयां व भैंस है। जिनके लिए महंगे दाम में टैंकर मंगवाकर पानी की व्यवस्था करनी पड़ रही है।

वही पेयजल समस्या को लेकर सरपंच को अवगत करवाया था लेकिन लेकिन सरपंच ने जलदाय विभाग के अधिकारियों को शिकायत करने की बात बोलकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया।

आलासन गांव के रावला चौहटा, जैनों का वास, पुरोहितों का वास, उगमणा वास, आतमणा वास, मेघवालो का वास, रेबारियों का वास, चामुंडा माता मंदिर रोड़ समेत अन्य मौहल्लों में पेयजल समस्या के कारण लोगो को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

पेयजल समस्या के कारण लोगो के रोजमर्रा के कार्य भी प्रभावित हो रहे है तथा दिनचर्या भी बिगड़ गई है।

गांव में पिछले एक साल से पेयजल समस्या के कारण ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। वही गर्मी के मौसम मे पेयजल समस्या ओर अधिक विकट हो गई है। जिसके चलते मौहल्लेवासियों को महंगे दामों में टैंकर एवं कैन खरीदकर पानी की व्यवस्था करनी पड़ रही है।

कुछ लोगों को कैन व टैंकर के महंगे दाम के कारण दूर-दराज से पानी लाना पड़ रहा है।

## वीरमदेव संस्थान की बैठक हुई

**जालोर**, (कासं)। श्री वीरमदेव क्षत्रिय शैक्षणिक संस्थान के कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक कार्यकारी अध्यक्ष कृष्णपाल सिंह सामुजा की अध्यक्षता में रविवार को आयोजित हुई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री वीरमदेव क्षत्रिय शैक्षणिक संस्थान महासचिव रघुनाथ सिंह सराना ने बताया कि इस बैठक में संस्थान के शैक्षणिक गतिविधियों के साथ छात्राओं के लिए छात्रावास भवन निर्माण कार्य प्रारम्भ करना , वर्तमान छात्रावास के संचालन , वार्षिक उत्सव , आय व्यय एवं आगामी कार्य योजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई।

बैठक में आगामी 29 मई को होने वाली आम सभा हेतु अलग अलग जिम्मेदारियों को सौंपा गया।

आम सभा में जिले भर के सभी राजपूत समाज के लोग एवं प्रवासी भाग लेंगे।

इस अवसर पर कृष्णपाल सिंह समूजा, रघुनाथ सिंह सराना, तख्त सिंह पहाडपुरा, राजवीर सिंह नोसरा , भवानी सिंह धाधिया , विक्रम सिंह रातडी, अमर सिंह महेशपुरा, चंदन सिंह साडन उपस्थित मौजूद थे।

# कालीबेरी खान दुर्घटना के पीड़ित को सहायता राशि दी

**जोधपुर**, (कासं)। कालीबेरी खान में एकत्रित हुए पानी में नहाने के दौरान डूबने से 4 बच्चों की मृत्यु पर संतप्त परिवार को मुख्यमंत्री सहायता कोष तथा मुख्यमंत्री चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजना से सहायता राशि दी गयी।

एडीएम तृतीय हेमेंद्र नागर ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा इस दुर्घटना पर किये ट्वीट पर त्वरित कार्यवाही करते हुए जिला कलेक्टर हिमांशु गुप्ता के निर्देशानुसार रविवार 22 मई को भारतीय नागरिकता प्राप्त रमेश को मुख्यमंत्री चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत 5 लाख तथा पाक विस्थापित गोविन्द को मुख्यमंत्री से प्राप्त विशेष सहायता स्वीकृति के अनुरूप मुख्यमंत्री सहायता कोष से 2 लाख रूपए की सहायता राशि दी गयी।

उन्होंने बताया की 10 मई को जोधपुर के कालीबेरी खान में एकत्रित पानी में डूबने से बच्चों की हुई मौत की घटना के बाद मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप एवं जिला कलेक्टर हिमांशु गुप्ता के आदेशानुसार प्रशासन ने संतप्त परिवार की सहायता के लिए त्वरित रूप से समस्त कागज़ी प्रक्रिया को पूर्ण कर मृतक बच्चों के परिवार को सहायता राशि प्रदान की

उपखण्ड अधिकारी (जोधपुर) सुरेंद्र राजपुरोहित ने बताया कि रविवार को प्रोफेसर अयूब खान, सीमान्त लोक संगठन के अध्यक्ष हिन्दू सिंह सोढा, पार्षद गणपत सिंह चौहान, तहसीलदार नारायण सुथार, गिरदावर राजेंद्र सिखवाल की उपस्थिति में मृतक बच्चों के परिवार को यह सहायता राशि दी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत कवास**
**पंचायत समिति बाडमेर ग्रामीण**

**ई-निविदा सूचना 01/2022-23 दिनांक 17.05.2022**

ग्राम पंचायत कवास में वितीय वर्ष 2022-23 में महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत एवं ग्रामीण विकास की विभिन्न योजनाओं में ग्राम पंचायत स्तर पर कराये जाने वाले निर्माण कार्यो में सामग्री/सेवाओं की आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से ई-निविदायें आंमत्रित की जाती हैं। विस्तृत जानकारी https://www.sppp.rajasthan.gov.in & www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

NIB Code - ZBM2223A0227 UBN is: ZBM2223GLOB00248

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत कवास — सरपंच, ग्राम पंचायत कवास

**कार्यालय ग्राम पंचायत शिवकर**
**पंचायत समिति बाडमेर ग्रामीण**

**ई-निविदा सूचना 01/2022-23 दिनांक 14.05.2022**

ग्राम पंचायत शिवकर के निर्माण कार्यो के लिए पंजीकृत फर्मो से ई-निविदायें आंमत्रित की जाती है। विस्तृत जानकारी https://www.sppp.rajasthan.gov.in & www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

NIB Code - ZBM2223A0229 UBN is: ZBM2223WSOB00250

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत शिवकर — सरपंच, ग्राम पंचायत शिवकर